Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 15-03-2005
Participants : Scindia Shri Jyotiraditya Madhavrao,Pathak Shri Harin,Deo Shri Bikram Keshari,Malhotra Prof. Vijay Kumar,Mehta Shri Alok Kumar,Patil Shri Adhalarao Shivajirao,Mahtab Shri Bhartruhari,Pal Shri Rupchand,Singh Shri Mohan,Rao Shri K. Chandra Shekhar

le: Combined discussion on the Budget (General) for 2005-2006 and Demand for Grants on Account for 2005-2006. (Not concluded)

14.15 hrs.

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)

GENERAL BUDGET 2005-2006- GENERAL DISCUSSION

DEMANDS FOR GRANTS ON ACCOUNT–(GENERAL) 2005-06

MR. DEPUTY-SPEAKER : We will now take up item nos. 24 and 25 together. I would request Prof. Vijay Kumar Malhotra to initiate the debate.

Motion moved :

"That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper, be granted to the President out of the Consolidated Fund of India, on account, for or towards defraying the charges during the year ending on the 31st day of the March, 2006 in respect of the heads of Demands entered in the Second column thereof against Demand Nos. 1 to 34, 36, 37, 39 to 63, 65 to 73, 75, 76, 78 to 105 ".

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, वर्ा 2005-06 का बजट इस नई सरकार का दूसरा बजट है। जब श्री चिदम्बरम जी ने यह बजट पेश किया तो एक ऐसा वातावरण बनाने का प्रयास किया गया था कि बजट में बहुत सारी सुविधाएं दी गयी हैं और कॉमन मिनिमम प्र ोग्राम को कार्यान्वित करने की कोशिश की गयी है। परन्तु मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि आंकड़ों के आवरण में माननीय वित्त मंत्री जी ने देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास किया है । जब आंकड़ों को देखते हैं और बजट की पर्तें खुलने लगती हैं तो लगता है कि जनता के साथ विश्वासघात और अन्याय हुआ है। यह बजट गरीब विरोधी है, मध्यम वर्ग विरोधी है, महिला विरोधी है, वरिठ नागरिक विरोधी है, किसान ि वरोधी है, मजदूर विरोधी है और आम आदमी विरोधी है। यह पूंजीपतियों का पक्षधर है और प्राइवेट सैक्टर को रियायतें देने वाला है। सबसे बढ़कर दुख की बात यह है कि यूपीए सरकार ने कॉमन मिनिमम प्रोग्राम को नकार दिया है। उसकी खिल्ली उड़ाई गई है।

अध्यक्ष महोदय, जब श्री चिदम्बरम ने बजट पेश किया और उन्होंने इनकम टैक्स और दूसरी बातें यहाँ रखीं, उस समय उन्होंने कहा था कि सीनियर सिटिजन्स को 1.50 लाख रूपए तक आयकर में छूट दी है। आम आदमी को एक लाख रूपए तक और वरिठ नागरिकों को डेढ़ लाख तक की आय, आयकर से मुक्त रखी गयी है। इससे वरिठ नागरिकों को लगा कि पचास हजार रूपए की और आय आयकर से मुक्त होगा। परन्तु जैसा कि मैंने पहले कहा है, आंकड़ों के आवरण में उन्होंने लोगों को गुमराह किया है। जो पचास हजार छोड़ने की बात कही गयी है, इसमें 10 प्रतिशत के हिसाब से पांच हजार रूपए की छूट टैक्स में मिलेगी। महोदय, जब एनडीए सरकार थी, उसने वरिठ नागरिकों को आयकर में सीधे 20 हजार रूपए

की छूट दी थी। इस तरह वरिठ नागरिकों को 20 हजार की तुलना में अब मात्र 5 हजार रूपए की छूट टैक्स में मिलेगी और उन्हें 15 हजार रूपए का नुकसान उठाना होगा*[cmc38]

आपने कहा कि मैंने आयकर छूट सीमा 50000 रुपए की जगह एक लाख रुपए कर दी है, लेकिन वह तो सबके लिए किया है। हिन्दुस्तान के आम आदमी के लिए आपने एक लाख रुपए तक की छूट दी है, फिर सीनियर सिटीजंस को क्या दिया ? हमने सीनियर सिटीजन को 20,000 कर में से छूट दी थी, उसे घटा कर आपने पांच हजार रुपए कर दिया है। पिछले साल से अगर हम तुलना करना चाहें तो भी यदि उसकी पेंशन की इनकम 1,95,000 रुपए हो तो उसकी स्टेंडर्ड डिडक्शन के 30,000 रुपए घटा दें और 12,000 रुपए बैंक के ब्याज का घटा दें, तो उसके इनकम टैक्स जीरो देना पड़ता। जबकि उसी आय पर अब उसे नौ हजार रुपए टैक्स देना पड़ेगा। इस तरह से हर सीनियर सिटीजन को ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा। यदि आयकर की छूट सीमा 2,25,000 रुपए की जाए तो उसे 20,000 रुपए की छूट मिलती है। परंतु आपने छूट सीमा डेढ़ लाख रुपए करके सवा दो लाख रुपए करने का एक इम्प्रैशन देने की कोशिश की है।

महिलाओं के बारे में भी आपने अधिक छूट देने की बात कही है। आपने कहा कि महिलाओं के लिए छूट सीमा 1,25,000 रुपए कर दी है, जबकि आम आदमी को एक लाख रुपए तक की छूट दी है। इस बात पर आपकी महिलानेत्रियों ने काफी वाहवाही करनी शुरू कर दी। मैंने देखा कि महिला आयोग की अध्यक्षा ने कहा कि चिदम्बरम साहब ने महिलाओं के लिए 25,000 रुपए की और छूट दी है। जबकि उस पर टैक्स देना पड़ता है ढाई हजार रुपए और हमने पांच हजार रुपए तक की पहले से ही छूट दे रखी थी। आपने उसे कम करके ढाई हजार रुपए कर दिया और वाहवाही लूटने की कोशिश की। पांच हजार रुपए की आयकर से छूट पहले से थी हर महिला को, लेकिन आपने उसे ढाई हजार रुपए कर दिया। उसके बाद यह इम्प्रैशन दिया कि जैसे महिलाओं को आम आदमी से आगे जाकर राहत दी गई है। अगर आम आदमी और सरकारी कर्मचारियों की बात करें तो उन्हें 30,000 रुपए जो स्टेंडर्ड डिडक्शन मिलती थी, उसे खत्म कर दिया गया है। उसके अलावा जो 12,000 रुपए ब्याज के ऊपर छूट मिलती थी, उसे भी खत्म कर दिया गया है। इस तरह से आपने 42,000 रुपए की छूट को समाप्त कर दिया और एक लाख तक की छूट सबको कहकर दे दी। उसमें व्यापारी भी आते हैं, बड़े-बड़े पूंजीपति भी आते हैं। सरकारी कर्मचारियों को स्टेंडर्ड डिडक्शन की 30,000 रुपए और 12,000 रुपए ब्याज की छूट थी, वह काट दी इससे कर्मचारियों को सीधे-सीधे 42,00 रुपए का नुकसान होगा। इसीलिए मैंने कहा कि यह बजट महिला विरोधी बजट है, सीनियर सिटीजन विरोधी बजट है और सरकारी कर्मचारी विरोधी बजट है । इस तरह देखा जाए तो उन्हें व्यापारियों के मुकाबले ज्यादा नुकसान हुआ है, क्योंकि उनकी स्टेंडर्ड डिडक्शन के 30,000 रुपए और ब्याज के 12,000 रुपए चले गए, जो कि सिर्फ उन्हें ही मिलते थे।

आपने पेट्रोल और डीजल पर पचास पैसे का उपकर लगाने की बात कही है । इसी तरह से आपने ऑयरन और स्टील पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी है। पहले आठ प्रतिशत थी, फिर उसे बढ़ाकर 12 प्रतिशत किया गया और अब 16 प्रतिशत यानी दोगुना कर दिया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बनने वाला गैलवेनाइज्ड स्टील भी महंगा हो जाएगा। सबसे ज्यादा भार सर्विस टैक्स का लोगों पर पड़ा है। सर्विस टैक्स के दायरे में पहले 80 आयटम्स थीं, अब 12 और शामिल कर दी गई हैं। उन्हें एड करने के बाद आम आदमी के उपयोग की हर चीज महंगी होगी । समाचार पत्रों के शीर्षक देखिए टी.वी., फ्रिज की मरम्मत पर सेवा कर लगेगा, बाल कटाने पर भी सेवा कर लगेगा। इसके अलावा कोआपरेटिवे सोसाइटीज ने जो मकान बनाए हैं, उन पर भी सेवा कर लगेगा। 50-100 लोग बैठकर एक कोआपरेटिव सोसाइटी बनाते हैं और मकान बनाते हैं। दिल्ली में इस तरह की करीब एक हजार सोसाइटीज हैं[R39]।

यहां दिल्ली में एक हजार निम्न-मिडिल-क्लास की सोसाइटीज हैं और जनता फ्लैट्स हैं। क्या उन पर भी 10 प्रतिशत टैक्स लगेगा। सभी जानते हैं कि कोई भी कोओपरेटिव सोसाइटी 12 से कम मकान नहीं बनाती है और सर्विस टैक्स से वह भी महंगे होंगे । आपने पाइपलाइन से जो चीजें जाएंगी, उन पर भी   सर्विस टैक्स की बात कही है। उसे आप क्लीयर करें तो अच्छा होगा। पाइप लाइन से तो पानी भी जाता है तो क्या उस पर भी 10 प्रतिशत टैक्स लगेगा। पाइप लाइन से पानी जाना क्या कोई गुनाह की बात है। पाइप लाइन से पानी नहीं पीयेंगे तो क्या नदी-नाले से पीयेंगे? उस पर भी टैक्स लग जाएगा। हाउसिंग कोस्ट पांच प्रतिशत बढ़ जाएगी। इसलिए माननीय चिदम्बरम जी की घोाणा में शोर ज्यादा, सुर कम है। ऑफिस की कैंटीन में खाइये और सेवा कर दीजिए, इस तरह की बातों से पता चलता है कि किस तरह से आम आदमी को नुकसान पहुंचाया गया है।

उपाध्यक्ष जी, यह बजट किसान विरोधी बजट है। इस सारे बजट में किसान के लिए कुछ नहीं है। एक बात आपने कही कि किसान को हम और ऋण देंगे, 30-40 प्रतिशत किसानों को हम और कर्जा देंगे। कर्जा चुकाते-चुकाते किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं, यह असली समस्या है। कर्जा उनको मिल रहा है या नहीं वह समस्या नहीं है। समस्या यह है कि उनको उनकी फसल का लाभकारी मूल्य मिल रहा है या नहीं। उनको जो मूल्य मिलता है क्या वे उसमें से अपना कर्जा चुका सकते हैं, समस्या असली यह है। उनको अपनी फसल का जो मूल्य मिलता है, उसमें से वे कर्जा नहीं चुका सकते, यह एक हकीकत है। समृद्ध राज्यों जैसे आंध्रा और पंजाब का भी यही हाल है, वहां भी आत्महत्याएं हो रही हैं। इस पूरे बजट में किसान के लिए लाभकारी मूल्य की उल्लेख कोई बता दे कि उनको इतनी राशि मिलेगी, जिससे वे अपना कर्जा चुका सकेगें। ऐसी कोई बात नहीं है। इसलिए जैसा मैंने कहा कि यह बजट किसान विरोधी बजट है। इसलिए कुछ अखबारों ने बाद में लिखा कि 'चिदम्बरम जी ने इस बजट से किसानों को निराश किया', 'बजट के अगले दिन किसानों को झटका दिया'। सोयाबीन तेल के आयात पर टैरीफ मूल्य में 80 डालर प्रति टन की कटौती कर दी गयी, जिससे सोयाबीन का आयात सस्ता हो जाएगा और यहां के किसान का नुकसान होगा। यही सरसों के तेल पर हो रहा है। लाभकारी कीमतें न मिलने से किसान को नुकसान हो रहा है और किसान बर्बादी के कगार पर खड़े हैं। मैं बहुत से आंकड़े दे सकता हूं लेकिन समय की कमी है। मेरा कहना यह है कि किसान को केवल वायदों का यह तोहफा मिला है।

सिंचाई योजना का लोगों ने बहुत मजाक उड़ाया है। जैसे सरकार ने कहा कि एक करोड़ हैक्टेयर नयी जगह पर सिंचाई की जाएगी और फी-हैक्टेयर एक व्यक्ति को रोजगार मिलेगा । बजट में जो इसके लिए प्रावधान किया गया है उसमें से 70-80 करोड़ रुपया एडमिनिस्ट्रेशन के लिए निकाल दीजिए तो 15-20 करोड़ रुपया बचता है, तो क्या उसमें एक करोड़ हैक्टेयर की सिंचाई हो जाएगी। सब अर्थशास्त्रियों ने इस बात को उजागर किया है।

माननीय चिदम्बरम जी ने और सीपीएम ने, जो इनका कॉमन-मिनिमम प्रोग्राम है उसमें भी इस बात पर जोर दिया है कि वे रोजगार गारंटी योजना को प्रारम्भ कर रहे हैं। इस योजना में जितना विश्वासघात देश की जनता के साथ किया गया है, मैं समझता हूं कि इससे पहले कभी नहीं हुआ। इस प्रोग्राम से इस सरकार ने जनता को निराश किया है[r40]।

नेशनल कॉमन मीनिमम प्रोग्राम में लिखा है कि

"The UPA Government will *immediately* enact a National Employment Guarantee Act."

यह 9 महीने पहले मई में सत्ता में आए थे, उस समय यह सांझा न्यूनतम कार्यक्रम बना था। आज करीबन एक साल होने जा रहा है। कोई ऐसे एक्ट का नामो-निशान नहीं है। दिसम्बर में बिल पेश किया गया था। वह जब आएगा तब आएगा। चिदम्बरम जी, आपने सीएमपी में नेशनल इम्पलॉयमैंट गारंटी एक्ट का वायदा किया था लेकिन इसे रूरल इम्पलॉयमैंट गारंटी एक्ट कैसे बना दिया? क्या इस बात की संसद में चर्चा की? आपने नेशनल इम्पलॉयमैंट गारंटी एक्ट को बदल करके रूरल इम्पलॉयमैंट गारंटी एक्ट कर दिया। इसके तहत केवल सौ जिलों में केवल 100 दिन रोजगार की गारंटी आप देंगे। शहरों में रहने वाले गरीब लोगों का क्या होगा, स्लम्स में रहने वाले लोगों का क्या होगा. झुग्गी-झोंपड़ियों और गंदी बस्तियों में रहने वाले लोगों का क्या होगा, शहरों में ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों का क्या होगा? क्योंकि आपने उसे बदल कर ग्रामीण इम्पलॉयमैंट गारंटी एक्ट कर दिया। इसलिए उपरोक्त वर्गो को वंचित कर दिया। आप इसकी धाराएं पढ़ें। आप एक आदमी को केवल सौ दिन काम देंगे और 65 रुपए रोज के देंगे। उन्हें 6500 रुपए साल में मिलेंगे। पांच आदमियों का परिवार है लेकिन एक आदमी को ही काम देना है। यह भी लिखा है कि एबल बॉडी होनी चाहिए। यदि उसकी एबल बॉडी होगी तो काम देंगे और सौ रुपए देंगे। ऐसे में महिलाएं कहां जाएंगी, कमजोर लोग कहां जाएंगे? प्रति व्यक्ति 1300 रुपए एक साल में मिलेंगे। एक दिन में तीन-साढ़े तीन रुपए मिलेंगे। आपकी यह गारंटी है? आप कहते हैं कि हम उनको गारंटी देंगें। यह किस तरह की गारंटी है? क्या वे कोर्ट में जाकर कह सकते हैं कि मुझे काम नहीं दे रहे हैं, मुझे काम मिलना चाहिए। यह बात भी इसमें नहीं है। मुझे इसके बजट प्रावधान देख कर बहुत आश्चर्य हुआ। चिदम्बरम जी ने इसमें जो प्रावधान किए, उसमें कहा कि र्वा 2005-06 के बजट में रूरल इम्पलॉयमैंट मद के लिए 9 हजार करोड़ रुपए रखे हैं। इसमें से 6500 रुपए एक साल में एक आदमी को मिलेंगे। एक करोड़

व्यक्तियों को 6500 करोड़ रुपए देने होगें। हिन्दुस्तान में कितने लोग बेकार हैं और कितने परिवारों को गारंटी चाहिए। अर्थशास्त्री 10 करोड़ बेकारों का अनुमान लगाते हैं? ग्रामीण क्षेत्रों में तो कम से कम 7-8 करोड़ बेरोजगार हैं। उसके लिए करीबन 70-80 हजार करोड़ रुपए चाहिए।

परन्तु कुल 9 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान करके आपने कहा कि पिछली बार 4500 करोड़ रुपए का प्रावधान था जो अब बढाकर 9000 करोड़ रुपए कर दिया है। जबकि वह भी गलत है। पिछली बार रिवाइज्ड बजट में जो खर्च किया, वह कुल मिला कर 6408 करोड़ रुपए हैं। आपने उसे बढ़ा कर 9 हजार करोड़ रुपए कर दिया और कहा कि बढ़ा दिया, डयोढ़ा कर दिया। मैंने पहले भी कहा है कि चिदम्बरम जी द्वारा आंकड़ों के आ वरण में देश को गुमराह किया जा रहा है। र्वा 2003-04 में हमारी एनडीए की सरकार थी। उस समय इस मद में रूरल इम्पलॉयमैंट में कुल राशि 9639 करोड़ रुपए थी। आपने अगले साल वह आधी कर दी। इस बार 9 हजार करोड़ रुपए की है। वह भी उससे कम है। र्वा 2003-04 में 9639 करोड़ रुपए रूरल इम्पलॉयमैंट हैड के आगे थे। अब आपने 9 हजार करोड़ रुपए की है जो हमारे समय से कम हैं। आप कह रहे हैं कि आपने सब को रोजगार देने की गारंटी कर दी हैं। एनडीए के समय र्वा 2003-04 में 9639 करोड़ रुपए जो थे, उसका यदि आप 90 हजार करोड़ रुपए करते, दस गुना करते तो समझ में आता है कि आप गारंटी कर रहे हैं[R41]

र्वा 2003-04 में 9639 करोड़ रुपए का बजट एनडीए सरकार ने रखा था । अपने अगले साल में आधा करके 4590 करोड़ रुपए कर दिया और इस बार आपने 9000 करोड़ रुपए कर दिया जो कि 639 करोड़ रुपए कम है । इसके लिए कौन जिम्मेदार है । क्या यह अपराध नहीं है? क्या यह सीएमपी की घोाणा के साथ क्रिमिनल नेगलिजेंस नहीं है ? उसके बाद दुहाई दी गई कि आपने रोजगार गारंटी, नई स्कीम बनाई है और यूपीए हर आम आदमी और गरीब आदमी के साथ है, इस बात पर मुझे आश्चर्य होता है ।

इस सबंध की बजट में दो योजनाएं हैं - सम्पूर्ण ग्राम स्वरोजगार योजना और स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना । स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना में पिछली बार 4050 करोड़ रुपए रखे गए थे और इस बार यानि र्वा 2005-06 में उसे कम करके 3600 करोड़ रुपए कर दिया गया हैं । स्पेशल प्रोग्राम - स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना जो 900 करोड़ रुपए की थी, उसे कम करके 862 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इस तरह से ग्राम स्वरोजगार योजना को भी कम कर दिया गया है। स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना को भी कम कर दिया गया । इस तरह से ग्रामीण रोजगार मद में 9636 करोड़ रुपए को 3600 करोड़ रुपए कर दिया गया हैं । कहा गया कि 5400 करोड़ रुपए बढ़ा रहे हैं । आपने राशि बढ़ाई नहीं बल्कि कम की है । आपको आंकड़ों की बाजीगरी करने के बजाय ईमानदारी के साथ जनता से कहना चाहिए था कि हमारी मजबूरी थी इसलिए हमने नहीं किया । ये सब योजनाएं रोजगार से संबंधित हैं । एक करोड़ रोजगार इस क्षेत्र में पैदा हो जायेगें, पचास लाख उस क्षेत्र में पैदा हो जायेगें - ऐसी लंबी चौड़ी योजना बताई गई है। उस दिन प्रधानमंत्री जी पढ़ रहे थे, भारत महान की योजना जिसमें दस बातें लिखी हुई हैं। उन्होंने अपने मैं भााण कहा कि - ये योजनाएं भारत महान् के लिए रखी हैं । लेकिन उनका प्रावधान कहां है ? पैसा कहां है? क्या अगले साल या उससे अगले साल धन रखा जाएगा? इस तरह का कोई प्रावधान इस र्वा नहीं है । परंतु कह दिया गया कि भारत निर्माण के लिए "to bring additional one crore hectares under assured irrigation, 'to connect all villages with other Districts with a road', 'to construct 60 lakh additional houses for the poor', etc." परंतु कहीं भी इसके लिए प्रावधान नहीं है । 50,000 मीट्रिक टन फूडग्रेन्स की बात कही गई है।, उसके लिए 5600 करोड़ रूपय का खर्च होगा। वह 5600 करोड़ रुपया बजट में नहीं दिखाया गया । अगर आप एफसीआई से कहने वाले हैं वह खर्च वह करे। यदि वह रुपया एफसीआई द्वारा दिया जाना है तो इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए । आपको कहना चाहिए था कि हम एफसीआई पर खर्चा डालेंगें। बजट का घाटा कम करने के लिए ऐसा करना उचित नहीं है, इसमें पारदर्शिता नहीं है [p42]।

न्यूनतम सांझा कार्यक्रम मैं बहुत सी बातों का उल्लेख किया गया है। उपाध्यक्ष जी, आप सी.एम.पी. को देखिये। कहा गया कि बजट में हमने सब का प्रावधान कर दिया हैं। इन सब के लिये सीपीआई और सीपीएम तथा अन्य लोगों द्वारा कहा गया था कि इसके लिये 2 लाख या ढाई लाख करोड़ रुपये मांगे गये, लेकिन 10-15 हजार करोड़ रुपये की राशि दी गई है। यू.पी.ए. सरकार ने शिक्षा के लिए जीएनपी का 6 परसेंट रखने की बात की। लेकिन यदि आंकड़े निकाल कर देखा जाये तो जीएनपी कितना है - सरकार के बजट के अनुसार र्वा 2005-06 में 32-35 लाख करोड़ रुपये जीएनपी बनता है - यदि इस पर 6 प्रतिशत का हिसाब लगाया जाये तो दो लाख करोड़ रुपये बनते है। शिक्षा के लिये आपने 12536 करोड़ रुपया रखे हैं - क्या यह 6 परसेंट है? यदि सारी स्टेट्स का शिक्षा बजट भी मिला लें, उनका भी जोड़ लिया जाये तो कितना बनेगा - केवल एक या दो परसेंट। फिर आपके सांझा कार्यक्रम में 6 परसेंट का उल्लेख क्यों किया गया? जब सीएमपी में लिखा है कि एजुकेशन में 6 परसेंट होगा UPA Government pledges to rise spending in education to at least six per cent of the GDP.

It is a pledge. यह राशि 8 हजार करोड़ से 12 हजार करोड़ रुपये हो गई। और जो आपने शिक्षा उपकर लगाया, उसमें से भी घन आया। सांझा कार्यक्रम में कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में जी.एन.सी. का 2 से 3 परसेंट रखेंगे - UPA Government will rise public spending on health to at least two to three per cent of the GDP over the next five years. लेकिन बजट में क्या रखा गया है? आपने दशमलव एक परसेंट से,1 परसेंट कर दिया यानी .01 परसेंट बढ़ गया - यह कैसी बढोत्तरी है? लोग अस्पतालों के बिना मर रहे हैं। अभी तक 6 एम्स देश में नहीं खोले गये हैं।

उपाध्यक्ष जी, बजट में इनफ्रास्ट्रक्चर में बढोतरी का कहीं उल्लेख नहीं किया गया है। इसके लिये बजट में जो स्थिति पहले थी, वही आज है। जब इसमें कोई बदलाव नहीं है, तो क्या बढ़ा? Water management and restoration of water bodies. पिछले साल इसके अंतर्गत 100 करोड़ रुपये का प्रावधान था, वही अगले र्वा भी है। महंगाई 5 से 7 परसेंट पर आ पहुंची है - Why only Rs.100 crore for restoration of water bodies. आपने साढे पांच लाख गावों मे पीने का पानी पहुंचाना है। इसके लिये पहले 100 करोड़ रुपये था, आज भी यही है। एग्रीकल्चर में कोई बढोतरी नहीं, उसमें कोई चेंज नहीं है।

उपाध्यक्ष महोदय, रोजगार की बात आती है। यदि आप बजट देखेंगे तो पूरे के पूरे बजट में इसे दूर करने की कोशिश नहीं की गई है। यू.पी.ए. सरकार द्वारा इसे एक परसेंट भी हल करने का प्रयत्न नहीं किया गया है। केवल एक जहर भरी, मीठे से लिपटी हुई गोली है जिसे सामने दिखाते हुये, आंकड़ों की बाजीगरी दिखाई गई है। मैं मजदूरों के बारे में उल्लेख करना चाहता हूं। हमारे कम्युनिस्ट भाई बहुत शोर मचा रहे थे। सरकार ने सांझा कार्यक्रम में लिखा है - Unorganised/information sector. की समस्या हल की जाएगी।

फिर आगे लिखा है - Fullest implementation of minimum wage laws for farm labour’.

क्या बजट में इसका कोई जिक्र है। क्या अनऑर्गेनाइज्ड सैक्टर के बारे में कोई इसके अंदर प्रावधान है। अनऑर्गेनाइज्ड सैक्टर लेबर के लिए भी कोई प्रावधान नहीं है। फॉर्म लेबर के बारे में इसमें कोई उल्लेख नहीं है। लेकिन बजट में इन दोनों के बारे में कोई प्रावधान नहीं है।

उपाध्यक्ष महोदय, पी.पी.एफ. और ई.पी.एफ. का मामला गम्भीर है। चिदम्बरम जी, यह भी स्पट हो जाना चाहिए। वित्त मंत्रालय का कहना है कि हम कोई सब्सिडी नहीं देंगे, इस पर कोई सब्सिडी नहीं दी जायेगी। अगर ई.पी.एफ. में सब्सिडी नहीं दी जायेगी तो आपने जो इसे साढे नौ परसेन्ट किया है, यह रुपया कहां से आयेगा। अगर उससे आय आठ परसेन्ट आती है, साढ़े सात परसेन्ट आती है, तो फिर यह 9 1/2 प्रतिशत के लिए धन कहां से आयेगा। क्या फिर तीन-चार साल बाद यहीं हालत इसकी भी नहीं हो जायेगी जो यू.टी.आई.-84 की हुई। क्या फिर उनका पैसा डूब नहीं जायेगा। जो ई.पी.एफ. की ब्याज दर को आपने साढ़े नौ परसेन्ट किया है, फिर आप कहते हैं कि सब्सिडी नहीं देंगे, फिर यह कैसे संभव होगा। ई.पी.एफ. ब्याज दर में राहत देने के लिए चिदम्बरम जी आप तैयार नहीं है। आपकी मिनिस्ट्री भी राहत देने के लिए तैयार नहीं है। फिर यह मजदूरों का पैसा कहां लगाया जायेगा। मैंने सुना है। मैंने आज न्यूज में देखा है कि दाभोल कम्पनी को रिवाइव करने के लिए यह रुपया लगा दिया जाए। ऐसा निर्देश दिया गया है। अगर यह गलत है तो अब तक इसका कंट्राडिक्शन होना चाहिए। दाभोल कम्पनी में इस रुपये को लगा दिया गया और कल को दाभोल कम्पनी डूब गई, तबाह हो गई तो फिर इस रुपये का क्या होगा। आप इस रुपये को बाजार में कैसे लगा सकते हैं। यह एक एश्योर्ड इन्कम हैं और इस एश्योर्ड इन्कम को बाजार में लगाना, मैं समझता हूं कि यह मजदूरों के साथ बहुत अन्याय होगा।

इसी तरह से पेंशन का मामला है। पेंशन को भी बाजार में लगा दिया जाएगा। पेंशन में कर्मचारी जो रुपया जमा करायेंगे, वह एश्योर्ड होना चाहिए, उसे आप बाजार में लगा देंगे। उनका पैसा डूबता है तो डूब जाए, बचता है तो बच जाए, कुछ भी हो जाए। पेंशन नाम की चीज फिर इसमें नहीं रहेगी।

उपाध्यक्ष महोदय, एक और बात अब तक हो जानी चाहिए थी, वह छठे पे कमीशन की नियुक्ति का मामला है। पिछला पे कमीशन र्वा 1994 में बना था और 1996 में यह लागू हुआ। आज दस साल बीत गये, यह आपके ऊपर ऑब्लीगेटरी था कि आप इसे र्वा 2004 में बनाते। र्वा 2004 में जब इसकी घोाणा की जानी वाली थी तो चुनाव आ गये। परंतु अभी तक छठा पे कमीशन नहीं बना है। इसे पूरी तरह से लागू होने में

दो-तीन साल लगेंगे। दो-तीन साल के बाद इसकी सिफारिश आएगी। हम तुरंत इसके गठन की मांग करते है नहीं तो कर्मचारियों के साथ यह बहुत बड़ा अन्याय होगा। छठे पे कमीशन को फौरी तौर पर नियुक्ते किया जाए।

इसके अतिरिक्त सी.पी.आई. और सी.पी.एम. के लोग बहुत सी बातों का उल्लेख कर रहे हैं। मैंने आज भी उन्हें सुना, वे सरकारी नीतियों का बहुत विरोध कर रहे हैं। मैंने नही देखा कि सी.पी.आई., सी.पी.एम. या लैफ्ट ने आपके बजट की किसी चीज की कोई तारीफ की हो या कोई इकोनोमिक पॉलिसी की तारीफ की हो। वह और आप नॉर्थ पोल और साउथ पोल है, कैसे इसे मिलाकर चलाया जा रहा है। समाचार पत्रो के शीाक देखिए CPM says: “Congress a leopard that cannot change spots.” यह इस तरह से है कि जो बदल ही नहीं सकते, वह वहीं रहेंगे। बस उन्होंने यह नहीं कहा कि पूंछ कभी सीधी नहीं हो सकती। इसे उन्होंने दूसरे शब्दों में कह दिया। Left said: “Do not bark and paint our hike in bank FDI to corner Government in House. "Left’s further support to Government in doubt.” “UPA, NDA policy same". "UPA following NDA policies.” "वामपंथियों ने मनमोहन सरकार पर बोला हल्ला!" "यू.पी.ए. और एन.डी.ए. पालिसीज सेम", "यू.पी.ए. फॉलोइंग एन.डी.ए. पालिसीज!" "केन्द्र सरकार वर्ल्ड बैंक की सरमायेदार!"...(व्यवधान) जो बातें इन्होंने कही है, वहीं मैं कह रहा हूं। आपके सहयोगी दल...(व्यवधान) आपके सहयोगी दल जिनका आप सहयोग ले रहे हैं, मैं उस पर भी अभी आता हूं कि वे आपके बारे में क्या राय रखते हैं। "केन्द्र सरकार वर्ल्ड बैंक की सरमायेदा[R43]र।" यह कहना है सी.पी.एम. का।

‘Left kicks feet to protest UPA’s economic policies.’ उपाध्यक्ष जी, 500 के करीब कम्युनिस्टों के वक्तव्य मैंने देखे, जिसमें ऐसी-ऐसी गालियां दी हैं इस सरकार को और अनेक बातों की आलोचना की गई हैं। कोई विाय हो, पेटेन्ट हो, एफडीआई हो, नई एवियेशन पॉलिसी हो, मज़दूरों की बात हो, पेटेन्ट लॉ हो, एजुकेशन पॉलिसी हो, सबका इन्होने विरोध किया है और सारा विरोध करने के बाद भी समर्थन करते है तो आश्चर्य होता है। उन्होंने जिस भााा का इस्तेमाल किया, उस भााा का तो मैं इस्तेमाल नहीं कर सकता और न करना चाहता हूँ । साम्यवादियों ने अपने आप कहना शुरू कर दिया कि "हम सिर्फ बाइट नहीं करते, हम बार्क भी करते हैं।" "हमें पैट डॉग्ज़ न समझा जाए।" उपाध्यक्ष जी, मेरी हिम्मत नहीं थी, उनके बारे में ऐसा कहने की । मनमोहन सिंह जी ने एक वक्तव्य में कहा है कि मैं तो यही चाहता था कि इनकी बात सुन ली जाएं। इनकी बात सुन लें और कुछ करने की ज़रूरत नहीं है।

मैंने आपसे कहा कि एक भी आइटम इकोनॉमिक पॉलिसी की मुझे बता दें, जिन पर कम्युनिस्ट और लैफ्ट ने इनका समर्थन किया हो। वे कहते हैं कि हम जब कहेंगे सरकार खडी हो जाएंगी और जब कहेंगे बैठ जाएंगी। परन्तु सरकार का हाथी चलता चला जा रहा है और यह पीछे भौंकते रहते हैं। जैसे ये कहते हैं कि हम भौंकेंगे नहीं, काटेंगे भी। काटने का सवाल ही नहीं है। कम्युनिस्ट कहते हैं कि हमने वाजपेयी जी को दोबारा नहीं आने देना, चाहे किसान मर जाएं, मज़दूर मर जाएं, चाहे सबसे विश्वासघात हो जाए। इनका एक ही कॉमन मिनिमम प्रोग्राम है कि वाजपेयी जी दोबारा न आ जाएं । परंतु आज की नीतियों में ऐसा हो रहा है कि न तो ये उधर जा रहे हैं और न इधर आ रहे हैं। यह बजट न लैफ्ट है, न राइट है, न नर है न नारी है - किन्नर है। मैं चिदम्बरम जी से कहना चाहता हूँ कि कम्युनिस्ट पार्टी वाले बाहर तो लाल झंडी दिखाते हैं पर सदन में हरी झंडी दिखाते हैं। बाहर बड़ा कोप प्रकट करते हैं, मगर सदन में मनमोहन जी के गोप बन जाते हैं। सड़क पर गर्मी दिखाते हैं मगर यहां नरमी दिखाते हैं। इनका ये हाल है कि ताल ठोंककर ललकारो और फिर मैदान छोड़कर भाग जाओ। बाइट-वाइट का तो सवाल नहीं है, परंतु यह हम ज़रूर जानना चाहते हैं कि जब भारत सरकार को मालूम है कि आपने कुछ करना ही नहीं है, उसी तनख्वाह पर काम करना है तो रोज़-रोज़ क्रिटिसाइज़ क्यों करते हैं? ...(व्यवधान)

कुँवर मानवेन्द्र सिंह (मथुरा) : आप अपनी बात कहिये।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : जी हाँ, मैं अपनी बात कह रहा हूँ। मैंने पहले ही कहा कि यह बजट गरीब विरोधी और पूंजीपतियों का पक्षधर है। ...(व्यवधान) मैं पूछना चाहता हूँ कि चिदंबरम जी जब आप इन्हें नाश्ते पर बुलाते हैं, या प्रधान मंत्री जी नाश्ते पर बुलाते हैं तो वहां क्या खिलाते हैं? ये सांप की तरह फुफ़कारते हुए आते हैं और फिर बाद में केंचुए की तरह बाहर आ जाते हैं। क्या चीज़ खिलाई जाती है, क्या घुट्टी पिलाई जाती है? ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष जी, मैं तीन-चार बातों का उल्लेख और करना चाहूँगा। चिदम्बरम जी ने कहा कि मैं ब्लैक मनी निकालना चाहता हूँ। देश में ब्लैक मनी निकालने के लिए क्या ज़ोरदार तरीका निकाला गया है कि 10 हजार रुपये कोई कैश बैंक से निकाल ले तो उसे 10 रुपये उसे कर देना पड़ेगा। 10 रुपये का सवाल नहीं है। एक आदमी अपनी ईमानदारी की कमाई में से पैसा निकाले, अपने कर्मचारियों में तनख्वाह बांटने के लिए, अस्पताल में पैसे जमा कराने के लिए पैसा निकाले, एयर टिकट खरीदने के लिए निकाले तो कर दें। ब्लैक मनी निकालने का यह कौन सा तरीका हुआ? यह तो ब्लैक मनी बढ़ाने वाला तरीका है। आप ऐसा करके ब्लैक मनी क्रियेट कर रहे हैं ताकि कोई आदमी पैसा बैंकों में जमा न कराए, कहीं और रखे, कैश रखे, गुप्त जगहों पर रखे और ब्लैक मनी बनाए, मगर ईमानदारी से पैसा बैंक में न रखे। मुझे समझ में नहीं आता कि उसी दिन आपने इसे वापस क्यों नहीं लिया[h44] जब सर्वत्र इसका विरोध हुआ था।

आपको तो उसी दिन जब इसके लिए देशव्यापी विरोध हुआ था इसे वापिस ले लेना चाहिए था । आपका 5-6 लाख करोड़ का बजट है । इससे कहीं अधिक देश में काला धन हैं। ब्लैक मनी का पैसा स्विस बैंकों में जमा है । लोगों के पास भी है, उसको निकालने के लिए इस बजट में क्या प्रावधान आपने किया है? सारे बजट में कहीं पर भी ब्लैक मनी निकालने का कोई तरीका नहीं बताया गया है । 10 हजार रुपये निकालेंगे तो 10 रुपये देने पड़ेंगे । बेचारा सरकारी कर्मचारी अपना पैसा जमा कराए, उसकी तनख्वाह भी बैंक में जमा हो जाती है और वह जब पैसा निकालेगा उसके लिए भी उसे पैसा देना पड़ेगा । जो व्यक्ति करोड़ों, अरबों और खरबों रुपयों की ब्लैक मनी रखे हुए हैं, उनसे आप कैसे ब्लैक मनी निकालेगें? यहां कई लोगों के स्विस बैंकों में एकाउंट्स हैं । उस काले धन को निकालने की क्या कोशिश की गई है?…(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : जब आपकी बारी आएगी तब आप अपनी बात कह लीजिएगा । Do not record anything, except the speech of Prof. Vijay Kumar Malhotra.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : ब्लैक मनी निकालने के लिए कोई डिमोनेटाइजेशन की बात करते, तब बात समझ में आती कि आप ब्लैक मनी को बाहर निकालने के लिए गंभीर हैं । आम आदमी के लिए हर चीज महंगी हो गई है । चीनी, सीमेंट, लोहे से बनी सभी चीजें महंगी हो गई हैं । आप कहते हैं कि स्माल स्केल इंडस्ट्रीज के लिए पैसा बढ़ाया जा रहा है । मैं कहता हूं कि 112 वस्तुंए जो स्माल स्केल इंडस्ट्री के लिए रिजर्व थी उन्हें आप डीरिजर्व कर रहे हैं। महात्मा गांधी जी ने दांडी मार्च किया था । महात्मा गांधी जी ने दांडी मार्च कॉटेज इंडस्टी, स्माल स्केल इंडस्ट्री के लिए निकाला था । उन्होंने कहा कि मैं हाथ से नमक बनाऊंगा और उन्होंने ब्रिटिश सरकार से मुकाबला किया । 112 आइटम्स छोटे उघोगों की श्रेणी से निकाल दी गई हैं । छोटे उघोग मल्टी नेशलन कम्पनीज का मुकाबला कैसे कर सकते हैं? करोड़ों लोग इससे बेकार हो जायेगें । आप कह रहे हैं कि बेकारी दूर कर रहे हैं, इससे तो लोग बेरोजगार हो रहे हैं । इससे काटेज इंडस्टी तबाह होगी। आप कस्टम ड्यूटी को कम करके नीचे ले आए हैं । इससे छोटे उघोग मुकाबले में कैसे रह पाएंगे। महात्मा गांधी जी 240 मील 24 दिन में चल कर गए थे । आपके आज के नेता 240 कदम चल कर हरी झंडी दिखा कर वापिस आ जाते हैं और गांधी जी का नाम लेते हैं …(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: No. Please sit down. This is not unparliamentary. इन्होंने किसी का नाम नहीं लिया ।

…(Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: No. Please sit down. This is not unparliamentary. Do not record anything, except the speech of Prof. Vijay Kumar Malhotra.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : उपाध्यक्ष जी, मैं आपसे कह रहा था कि कांग्रेस पार्टी का कोई बडा नेता या कांग्रेस का नेता है जो 240 मील 24 दिन में चला हो । मैंने कल भी कहा था, रेणुका जी नाराज हो जाएंगी …(व्यवधान) । No. I am not yielding.

MR. DEPUTY-SPEAKER: This is not the way. Please sit down.

…(Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) …**

* Not Recorded.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : उपाध्यक्ष महोदय, मैं बजट पर बोल रहा हूं कि स्माल स्केल इंडस्ट्री में से 112 आइटम्स निकाल दी गई हैं [i45]।

15.00 hrs.

उपाध्यक्ष महोदय, गांधी जी ने शराबबन्दी की बात कही थी, लेकिन दिल्ली सरकार ने दिल्ली में हजारों दुकानें, गली-गली में खोल दीं। महात्मा गांधी ने कहा था कि शराबबन्दी करो और शराब की दुकानों की पिकेटिंग करो, लेकिन आपने महात्मा गांधी का नाम लेकर हजारों दुकानें खोल दीं हैं। …(व्यवधान)

पर्यटन मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती रेनुका चौधरी) : उपाध्यक्ष महोदय, चूंकि मेरा नाम लिया गया है, इसलिए मैं कहना चाहती हूं कि …(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : मैडम आप बैठिए। श्रीमती रेनुका चौधरी का एक भी शब्द रिकॉर्ड नहीं होगा।

…(व्यवधान)*

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : उपाध्यक्ष जी, यह बजट किस प्रकार से स्माल स्केल इंडस्ट्रीज, कॉटेज इंडस्ट्रीज, गरीब आदमी, किसान और मजदूर विरोधी बजट है, उसका मैंने अभी उल्लेख किया।

महोदय, एक बात और है। इस बजट को बनाते समय आपने केवल मायनारिटीज का ध्यान रखा। इस पर मुझे कोई ऐतराज नहीं है कि आप मायनारिटीज का ध्यान रखें, लेकिन किस की बात की जा रही है लेकिन चिदम्बरम जी, आपने कहा है कि 'A number of schemes for pre-examination coaching of candidates belonging to the minority communities.'

मैं आपके भााण से ही पढ़ रहा हूं और बजट पर ही बात कर रहा हूं -

'These schemes are confined to the Government institutions and the results have not been encouraging. Hence, I propose to extend these schemes to include reputed private coaching institutions which have the track record of showing good results in competitive examinations. I propose to provide funds to pay the fees on behalf of meritorious candidates from minority communities who enrol in these private institutions.'

---

*Not Recorded.

महोदय, आपने इसका अर्थ समझा हैं ? इसका मतलब यह है कि हिन्दुस्तान में कोई करोड़पति व्यक्ति यदि मायनारिटी से संबंधित है और यदि उसका लड़का किसी बडे संस्थान या किसी अन्य ऐसे ही बड़े इंस्टीट्यूट से आई.ए.एस., आई.पी.एस. या पी.सी.एस. आदि की परीक्षा की तैयारी करने के लिए उसमें दाखिला लेता है और उसकी फीस मान लीजिए 20 हजार रुपए है, तो वह फीस चिदम्बरम साहब पे करेंगे यानी भारत सरकार वह फीस अदा करेगी। यदि कोई गरीब हिन्दू उस इंस्टीट्यूट में परीक्षा की तैयारी करने के लिए भर्ती हो, तो या तो वह अपनी जेब से पैसे भरे, यदि पैसे नहीं हैं, तो अपनी पढ़ाई खत्म कर दे। यह कैसी अनुचित बात हिन्दुस्तान में की जा रही है। क्या इसे कोई अल्पसंख्यक वर्ग का व्यक्ति भी जस्टीफाई कर सकता है। यदि कोई गरीब हिन्दु का लड़का या गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवार का लड़का ऊंचे पदों पर

नियुक्ति की पढ़ाई करना चाहता है, तो वह पैसे भरे यदि पैसे नहीं हैं और वही व्यक्ति यदि मुस्लिम धर्म अपना लेता है, हिन्दू से मुसलमान में कनवर्ट हो जाता है, तो उसकी फीस आप देंगे, यानी केन्द्र सरकार देगी, क्या इससे ज्यादा गैर-इंसाफी की बात हिन्दुस्तान में हो सकती है, क्या हिन्दुस्तान में हिन्दू होना पाप है ? किसी गरीब हिन्दु का लड़का उस इंस्टीट्यूट में ऊंची पढ़ाई करने जाएगा, तो उसकी फीस आप नहीं देंगे, कोई अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति, दलीत या ओ.बी.सी.या गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले व्यक्ति का लड़का उस इंस्टीट्यूट में पढ़ने के लिए जाएगा, तो आप उसकी पढ़ाई की फीस नहीं देंगे।

15.03 hrs. (Shrimati Sumitra Mahajan in the Chair)

महोदया, यदि वह मायनारिटी कम्युनिटी का होगा, तो उसकी फीस केन्द्र सरकार देगी। इस प्रकार से आपने अपने आम बजट के भााण के माध्यम से देश को बांटने की, देशवासियों के मन में आक्रोश पैदा करने का काम किया है। पाकिस्तान बनने से पहले, आजादी से पहले देश के जैसे हालात थे, वैसे ही हालात इस भााण से पैदा करने का आपने प्रयास किया है और वैसे ही हालात पैदा होंगे। …(व्यवधान)

महोदया, एक प्रकार से मायनारिटी- फैशन चल पड़ा है। हर बात में मायनॉरिटी का नाम लिया जाता है। इसलिए मुझे तो लगता है कि इस देश में मायनॉरिटी का सबसे बड़ा यदि कोई दुश्मन है, तो यहां पर सामने की बैंचों पर बैठने वाले लोग हैं। …(व्यवधान)

श्री प्रकाश परांजपे (ठाणे) : सभापति महोदया, पाकिस्तान में हिन्दू मायनारिटी में हैं। वहां की सरकार हिन्दुओं के लिए क्या सुविधाएं दे रही है, वह बताइए। वह कुछ नहीं कर रही है। …(व्यवधान[rpm46])

MADAM CHAIRMAN : Nothing would go on record.

*(Interruptions)** ...

---

*Not Recorded.

सभापति महोदया : यह क्या हो रहा है?

…(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN: Nothing is going on record.

*(Interruptions)** ...

सभापति महोदया : आप बैठ जाइए, आपकी कोई भी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है।

*(Interruptions)** ...

MADAM CHAIRMAN: Shri Paranjpe, please sit down.

…(व्यवधान)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्राः मैं भी आपकी आवाज में अपनी आवाज मिलाता हूं कि इस देश में धर्मनिरपेक्षता होनी चाहिए। सब धर्मों के साथ बराबर का व्यवहार होना चाहिए।…(व्यवधान) धर्मनिरपेक्षता होनी चाहिए, परन्तु इसका अर्थ यह नहीं होना चाहिए कि हमारे देश में हिन्दुओं को लगे कि उनका यहां पैदा होना पाप हो गया है* ऐसा नहीं लगना चाहिए।

सभापति महोदया, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि डिफेंस में जो राशि बढ़ाई गई है, वह बहुत ही कम है। पाकिस्तान के साथ हमारा क्रिकेट मैच हो रहा है। सब को बहुत अच्छा दिखाई दे रहा है कि क्रिकेट मैच हो रहा है, लोग आ रहे हैं। मैं उस वातावरण के बारे में नहीं कहना चाहता, परन्तु हमें स्मरण रखना चाहिए कि आतंकवाद जिन्दा है और वह आज भी चल रहा है। आज ही हमारा एक मेज़र कश्मीर में मारा गया। दिल्ली में एलएटी के लोग पकड़े गए, जो यहां हमला करने के लिए आए हुए थे। रोजाना लोग पकड़े जा रहे हैं, क्रॉस बार्डर टेरेरिज्म खत्म नहीं हुआ।...(व्यवधान) बजट में जो राशि रखी गई है, आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए, क्रॉस बार्डर टेरेरिज्म का मुकाबला करने के लिए, यहां जो नक्सलाइट्स बढ़ रहे हैं, बंग्लादेशी, जिस प्रकार की स्थिति पैदा कर रहे हैं, उसका मुकाबला करने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। केवल 6 प्रतिशत डिफेंस में जो बढोतरी की गई है, वह नगण्य है। हमारे जो दुश्मन हैं, उनका मुकाबला करने के लिए हमें पूरी तैयारी रखनी चाहिए। उसे देखते हुए यह राशि बढ़ानी चाहिए।

सभापति महोदया, मैं एक बात और कह कर अपनी बात समाप्त करूंगा। पिछले दिनों बजट में मैंने देखा कि यहां नेहरू रोजगार योजना, इंदिरा गांधी आवास योजना, राजीव गांधी योजना, का उल्लेख हैं।

---

*Not Recorded

अन्य अनेक योजनांए प्रधानमंत्री के नाम से थीं। उनका नाम भी बदल दिया और अन्य महापुरूों के नाम

की योजनाएं भी बदल दी। सारे हिन्दुस्तान में जगह-जगह पर अनेक योजनाएं तीन व्यक्तियों कें नामो तक सीमित कर दी गईं हैं - क्या आगे चल कर इस देश में एक ही परिवार का नाम रहेगा, कोई अन्य नाम नहीं रहेगा। क्या इस परिवार के तीन-चार महापुरुा ही इस देश में हुए, उससे पहले कोई महापुरुा देश में नहीं हुआ। बजट में आप कम से कम इस बात का ध्यान रखते। आपने प्रधानमंत्री के नाम की योजनाओं का नाम भी बदल दिया। उनके नाम पर इन्हें एलर्जी हो रही है, तभी यह परिवर्तन किया। प्रधानमंत्री राहत कोा है, हमने प्रधानमंत्री राहत कोा में रुपया दिया, सुनामी के लिए सब ने रुपया दिया और उसका नाम भी राजीव गांधी के नाम पर रख दिया - इस देश में क्या हो रहा है? ...(व्यवधान) आप अपने नेताओं का सम्मान करें, हम भी अपने नेताओं का सम्मान करते हैं, परन्तु यह मजाक नहीं बन जाना चाहिए। ...(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN: He is not yielding.

...(व्यवधान)

सभापति महोदया : केवल मल्होत्रा जी का भााण ही रिकार्ड में जाएगा[R47]।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : सभापति महोदया, ये 10 जनपथ पर पूरी श्रद्धा रखें, मुझे कोई एतराज नहीं। बाकी सब लोग एक नम्बरी हों, काग्रेसी 10 नम्बरी हों, हमें क्या एतराज हो सकता है। आप पूरी श्रद्धा रखो। परन्तु देश की मान्यताओं और देश के सारे महापुरुोों का सम्मान करें। बजट के अन्दर कम से कम योजनाओं के नाम न बदले जाते तो अच्छा होता।

मैं पुनः कहना चाहता हूं कि यह बजट पूरी तरह से जनविरोधी बजट है। सेंसेक्स 7000 के पार कर गया तो चिदम्बरम साहब और कांग्रेस के लोग उसका बड़ा भारी श्रेय ले रहे हैं। परन्तु इनके राज्य में किसानों की आत्महत्याओं का आंकड़ा भी 7000 के पार हो चुका है, एक ओर किसान आत्महत्याएं करें, और दूसरी ओर सेंसेक्स पार हो जाये। सुनामी में हजारों आदमी मर जायें पर सेंसेक्स बढ़े यह प्रकट कर रहा है कि आपका हाथ गरीब आदमी के साथ नहीं, पूंजीपतियों के साथ है और आपका यह बजट गरीब विरोधी है।

इन शब्दों के साथ मैं इस बजट का विरोध करता हूं।

SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA (GUNA): Madam Chairperson, I rise today in support of the Budget presented by Shri Chidambaram under his able stewardship – the Budget 2005.

Madam Chairperson, the Budget statement is a reflection of the mandate received by the Congress-led coalition. We are a welfare State and we cannot abdicate our responsibilities towards the weaker sections. The focus on agriculture, the focus on the farmers, the focus on the workers, minorities, the physically challenged, the urban poor, the women and children is a reaffirmation of the congresses' slogan to be on the side of the common man, the teeming millions that constitute the real India.

Madam Chairperson, last year corrective steps were taken to bring back to focus to where India really resides. This Budget statement takes that process forward and consolidates that position. We are moving away from the mirage of `India shinning' and `feel good' to a much more constructive concept of `*Bharat Nirman'*. As the hon. President himself in his Address said and I quote: "India will only truly shine when it shines for one and all".

Madam Chairperson, the Budget rests on the four pillars of economic growth -- agriculture, infrastructure, health and education. The key thought here is that the growing disparities within our country can only be bridged when the concentration is on agriculture, on the rural economy and brining them into the mainstream of development.

This Budget has deftly combined measures that on the one hand reduce taxes and on the other hand, not only keep the outlays at the same level, but also increase outlays on the social sector reaffirming the commitment of the UPA Government to the promises on the basis of which we were voted to power.

Now, I would like to talk briefly about the backdrop of the economy. It may sound very easy to present a Budget when the economy is on a high. But the task of sustaining growth is a very difficult one. My friends in the NDA are very well aware of this. Six Budgets that they have presented, all resulted in falling GDP growth rates except for one. If we look at the record of the NDA Government from 1999 to 2004, agriculture on an average grew at 2.1 per cent; industry only at 5.5 per cent and the overall GDP growth rate only at 5.6 per cent. There have been only two periods in the history of our country when GDP had grown by greater than 7 per cent and both those times have been under the Congress Governments. The first was during the period 1988-91 under the able stewardship of the late visionary Rajiv Gandhi, when the GDP growth rate on an average was 7.6 per cent and the second time was during 1994-97 when the GDP growth rate was at 7.5 per cent under the able stewardship of the man who is now our Prime Minister and the current Finance Minister. The dream team has done it again. The growth rate during the last year was 8.2 per cent. It is not unusual to see a growth rate of 8 per cent after year of low growth because of the low base effect[snb48].

But [bru49]to have such high growth year on year is unusual. What is the backdrop? Oil prices reached 55 dollars a barrel. Agriculture grew only by 1.1 per cent. We were hit by the great Tsunami tragedy. But the economy galloped at 6.9 per cent this year. Only one once in the past 50 years has the economy grown greater than 5 per cent when we were exposed to a deficient monsoon which was in 1995-96 when we had great levels of investment.

The other point which I would like to put forward is that 6.9 per cent GDP growth rate has been on the back of high manufacturing levels even though you had poor agricultural production. In the past, whenever there has been poor agricultural production, manufacturing and the economy, the growth rate has fallen in that year and in the year following. This marks a new trend, a new trend in the drought proofing of the manufacturing industry which has grown by two per cent, which is at six points greater than before at 8.9 per cent.

The Finance Minister has made the economy more confident. The Finance Minister has made the economy more strident. The Finance Minister had made the economy more resilient - a true feel good on the basis of fundamentals and not an illusion such as the country has faced during the last six years. The rupee has strengthened from Rs. 45 to 44 dollars. Forest reserves have risen to 17 per cent from 118 billion dollars to 135 billion dollars. Credit off-take last year was 10 billion dollars. It has increased to 22 billion dollars. Exports have risen by 25 per cent and the target for 2008-09 is 150 billion dollars. Imports have risen by 37 per cent. The sensex was at 5399 points when the UPA Government took oath. It is standing today at 6850 points, a rise of 1450 points which is 30 per cent. All this, Madam Chairperson, has been in a period of only nine months.

The tax reforms process has been accelerated and is designed to stimulate investments, savings and growth. The savings rate has now reached 28.1 per cent. It is a new landmark high never seen in the history of the country. Investment rate has risen by 1.5 per cent to 26.3 per cent. We are finally at the cusp of a new paradigm, a new paradigm where you will see the growth based on high savings rate, based on high investment.

The most impressive improvement has been in the area of savings with regard to the public sector. The public sector savings were 1.1 per cent and they have been reduced by nearly 1 per cent to only 0.3 per cent of GDP. This is the lowest level eversince 1997-98 when the Congress demitted office. The Finance Minister has clearly shown that he walks his talk.

I would now like to turn to the macro economy. We are experiencing a very robust macro economic environment. An air of optimism pervades. Total expenditure as a percentage of GDP has fallen from 17.3 per cent to 15 per cent. On the other hand, revenue receipts as a percentage of GDP have grown from 9 per cent to 10.5 per cent. This year, we have achieved a landmark growth in direct taxes of 32 per cent and the target for the next year for revenue receipts is at 20 per cent, the same level that has been achieved, Madam Chairperson, this year as well.

The short-term strategy would have advocated that we should raise taxes. It would have definitely given resources for the current period but compromised our future. But the Finance Minister has, to his wide knowledge, followed the Laffer curve argument where you have higher revenue and higher tax accruals through a more rationalized tax system with low level of taxes. Higher disposable incomes in the pocket of every individual means their economic growth which in turn means economic growth of our vast country. The reason why our Opposition benches are a little bit confused is because this time around, the fiscal rectitude has been impressively combined with an increase in public investment. The gross plan has been increased by 17 per

cent. The Central plan has been increased from Rs. 87,866 crore to Rs. 1,10,385 crore , that is, 26.5 per cent. A total of Rs. 75,850 crore has been allocated to the priority areas of the Common Minimum Programme[bru50].

This is a historical increase. Deficit reduction has not come at the cost of the plan outlay. Indeed higher plan outlay has been used to pursue schemes for the poor, for rejuvenation of the rural economy in agriculture and for those children that need education and skills for a brighter tomorrow. One of the biggest hallmarks of this Budget has been the strong commitment of this Government to fiscal responsibility. Indeed, instead of just talking and seeking time the Finance Minister has laid out a clear road map. The road map is to reduce the fiscal deficit by 1.1 per cent by 2006-07. The FRBM Act stipulates that every year the Government must reduce fiscal deficit by 0.3 per cent and revenue deficit by half a per cent. This year around, the Finance Minister, in all his capability, has reduced the revenue deficit, against a target of half a per cent, by almost one per cent, from 3.6 per cent of the GDP to 2.7 per cent of the GDP and the fiscal deficit figure from 4.8 per cent of the GDP to 4.5 per cent of the GDP.

I would now like to talk about agriculture in the rural economy. Prof. Vijay Kumar Malhotra, in his statement made various allegations about this Government. उन्होंने चर्चा की कि आंकड़ों के ऊपर हमें विश्वास रखना चाहिए। मैं उनके साथ पूरी तरह से सहमत हूं। आर्थिक क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जहां आंकड़ों के पीछे कोई छिप नहीं सकता और इसी विाय पर मैं एनडीए सरकार की नीति के बारे में भी चर्चा करना चाहूंगा। Under the past NDA Government, there have been reductions in the Central plan outlay for agriculture, rural development and irrigation went down to 36 per cent, from Rs. 12,834 crore to Rs. 8,181 crore. The share of public investment in agriculture declined from, when the Congress demitted office in 1994, at 33 per cent to when they demitted office to 24 per cent. This has led to the widening of the gap, not merely between the rich and the poor but also between the urban and the rural poor. Correcting this requires a reorientation of the economic growth strategy that was pursued by the past Government. Agriculture contributes approximately a quarter of our GDP and it provides sustenance for 60 per cent of our population. The total investment, including both public and private in the agrarian sector was only 1.3 per cent of the GDP. We have committed ourselves to raise this close to five per cent of the GDP. The Budget lays down the long-term growth strategy for the agrarian economy and prepares the road map for agriculture diversification.

There is a new deal for rural India. The focus is on the *Aam Admi*.. A sum of Rs. 50,000 crore has been kept aside out of the Gross Budgetary Support of Rs. 1,72,500 crore for this purpose. The Government has decided to form a corpus of Rs. 8,000 crore for the Rural Infrastructure Development Fund. An amount of Rs. 400 crore have been kept aside for micro and drip irrigation.

I shall now come to Mission 2007. We will provide in every one of the six lakh villages a Rural Knowledge Centre with the provision of the latest information and communication technology. Expansion of village telephone is to be provided with Rs. 1,200 crore under the Universal Service Obligation Fund. Prof. Malhotra talked about allocations of agriculture and rural development. … (*Interruptions*) I wish you would stay to hear this part. Shri Harin Pathak is here. … (*Interruptions*)

THE MINISTER OF PETROLEUM & NATURAL GAS AND MINISTER OF PANCHAYATI RAJ (SHRI MANI SHANKAR AIYAR): This is a lack of propriety. It is a serious lack of propriety on the part of such a senior Member who has just opened the debate. The least that he can do is to demonstrate an element of courtesy. I had to frequently raise this lack of courtesy when I was on that side and when he was here.

MADAM CHAIRMAN : I am here to see all these things.

SHRI MANI SHANKAR AIYAR: I find that even the change of position has not changed his bad habits.

SHRI M. JYOTIRADITYA SCINDIA : The quote 'leopard not changing the spots' applies more to them than to us.

The Government has increased the allocation for rural development from Rs. 13,866 crore to Rs. 18,334 crore, a hike of 33 per cent. They talked about agriculture. The Budget for agriculture has been increased by 50 per cent, from Rs. 4,000 crore to Rs. 6,000 crore.

Let me come to the allocation made to Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojana. My senior colleague, Shri George Fernandes, who is not present here now raised this point in the debate on the President's Address. I wish he correlated the figures from the Budget with the President's Address[r51].

PMGSY has received an increased allocation from Rs.2219 crore to Rs. 3809 crore, an increase of 71 per cent. The Agriculture Irrigation Benefit Plan Outlay, to finish the last mile projects – we talk about irrigation – has been increased from Rs.2800 crore to Rs.4800 crore.

Coming to rural credit, today the farmer needs loans at the cheapest level possible. Rural credit, in a period of 9 months, has been increased from Rs.80,000 crore to Rs.105,000 crore – an increase of 30 per cent. Added to this, the Finance Minister has laid the target for the next year, another increase of 30 per cent from Rs.105,000 crore to Rs.1,40,000 crore. The incentives and the impetus given to the agro-food processing sector will lay the foundation for India to emerge as the next global super power with regard to agro-processing. India has an arable land mass of 184 million hectares. It produces 91 million tonnes of milk, the largest milk producer in the world, thanks to the vision of late Shri Rajiv Gandhi who brought about the White Revolution. India produces 150 million tonnes of fruits and vegetables, the second largest producer in the world. It produces 210 million tonnes of food grains, the third largest producer in the world. However, currently, only 2 per cent of fruits and vegetables are processed. Only 10 per cent have access to cold-storage chains.

The National Horticulture Mission launched by the Finance Minister with an allocation of Rs.630 crore will unleash new triggers creating millions of jobs and raising the incomes of the rural poor.

We talk about education. It is the UPA Government’s commitment to raise the allocation on education from the current 2.8 per cent of GDP to six per cent of GDP over the next four years. Judge us on our deliveries. No country can develop without becoming a knowledge-based society and this should percolate right down to the grass-root level. If children are a nation’s future, the past NDA Government actively engaged in messing up the country’s tomorrow. The gap between their policy rhetoric and reality of performance was large. Out of

every Rs.100 spent by the Central Government, only Re. 1 was given to education, only 34 paise was given to health and only 45 paise given to child development. India needs a new knowledge revolution. So, education has received the highest fillip in this Budget. From a Budget of Rs.8225 crore in 2004-05, the Budgetary allocation has been increased to Rs.18,337 crore in 2005-06, a jump of 120 per cent!

About the *Sarvashikshak Abhiyan* which talks about rural penetration of education, the allocation has been increased from Rs.3057 crore to Rs.7156 crore, a jump of 130 per cent. Our Government emphasises that we will create models of excellence, islands of excellence and then replicate them which is why, a sum of Rs.100 crore has been set aside for just one institution alone, the Indian Institute of Science at Bangalore. We will make it a world-class Institution and then role and model out such institutions across the length and breadth of India.

In order to equip the weaker sections and the minorities, many new schemes such as scholarships and free pre-examination coaching have been launched which will definitely improve the lot of all the under-privileged people. While this Budget will stimulate the market forces to deliver better economic outcomes, even a 7 per cent growth rate is not good enough to improve the lot of the 250 million people living below the poverty line. The previous Government announced numerous schemes but they did little to ensure that they reached the people for whom it was targeted.

